भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 514

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

514 श्री श्रीभरत मतुकुमिल्लि:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सम्पूर्ण देश में मौजूदा और आगामी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों का ब्यौरा क्या है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में स्थापित किए गए और नियोजित लॉजिस्टिक पार्कों की सूची क्या है और प्रत्येक पार्क के लिए स्थान- बार कितनी निधि स्वीकृत की गई और उपयोग में लाई गई और इनसे कितना रोजगार सृजित हुआ;

(ग) विशाखापत्तनम पत्तन पर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के द्वितीय चरण की वर्तमान स्थिति क्या है और इस परियोजना द्वारा सृजित रोजगार और अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विशाखापत्तनम पत्तन पर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के पूर्ण विकास पर माल भाड़े की लागत और पारगमन समय में कितनी कमी आने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत एमएमएलपी को अभी चालू किया जाना है। तथापि, भारतमाला परियोजना के तहत आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) द्वारा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एमएमएलपी विकसित करने की योजना बनाई है, जिसमें से 35 एमएमएलपी को मंजूरी दी गई है। जिसमें से 5 परियोजनाएं आवंटित हो चुकी हैं, 3 बोली के चरण में हैं तथा 27 परियोजनाएं डीपीआर/व्यवहार्यता चरण में हैं।

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में अनंतपुर और विशाखापत्तनम दो स्वीकृत स्थान हैं। एमएमएलपी अनंतपुर बोली चरण में है और एमएमएलपी विशाखापत्तनम के लिए साइट की पहचान प्रक्रियाधीन है। दोनों परियोजनाओं के लिए निधि सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद मंजूर की जाएगी।

(ग) मेसर्स कॉनकॉर ने 108 एकड़ की बंदरगाह भूमि में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया है । एमएमएलपी का चरण-II पूरा हो चुका है। लगभग 1500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। इसके अलावा, बामर लॉरी ने एक्सिम और घरेलू कार्गो के प्रबंधन के लिए विशाखापत्तनम में मेसर्स विशाखापत्तनम पोर्ट अथॉरिटी (वीपीए) के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) में एक मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) स्थापित किया है। एमएमएलपी 53 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है। लगभग 300 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं।

(घ) एमएमएलपी के पूर्ण विकास के लिए माल ढुलाई लागत और पारगमन लागत में कमी का मूल्यांकन किया जाएगा

******